# UNIVERSITY NEWS 29 DECEMBER 2025

## NBT

# गणित के कठिन कॉन्सेप्ट की चर्चा

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** भारतीय गणितीय सोसायटी की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे सम्मेलन में रविवार को गणित के जटिल कॉन्सेप्ट पर चर्चा की गई। इसमें देश भर से आए विशेषज्ञों ने उन कॉन्सेप्ट की जटिलताओं को समझाया। साथ ही गणित की कई गंभीर प्रॉब्लम पर भी चर्चा की गई।

पुणे से डॉ. संतोष बी धोतरे मैट्रॉइड सिद्धांत में हाल के विकास के बारे में छात्रों को बताया, तो वहीं कोलकाता के प्रो. स्टीफन बेयर गणित के शास्त्रीय और आधुनिक परिणामों पर व्याख्यान दिया। एपीसेन हॉल में बीजगणित पर प्रो. हिमाद्रि कुमार मुखर्जी के निर्देशन में संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में बंगलूरू के डॉ. चैतन्य गोपालकृष्ण को पीके जैन पुरस्कार मिला, और कोलकाता के डॉ. अयन घोष को सत्यदेव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## DAINIK JAGRAN

### डा. अंजली बनीं एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी

लखनऊ : लवि के समाज कार्य विभाग की सहायक आचार्य डा. अंजली मिश्रा को राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम अधिकारी बनाया गया है। कुलपति से अनुमोदन मिलने के बाद कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है। डा. अंजली को आगामी तीन वर्ष या अग्रिम आदेशों तक इस पद पर अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। (वि.)

### लवि : प्लेसमेंट के लिए आवेदन का मौका आज

जासं ● लखनऊ : लवि की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने बजाज लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा कंपनी में छात्र-छात्राओं के लिए प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इसके लिए 29 दिसंबर आवेदन का अंतिम दिन है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि कंपनी की ओर से सेल्स मैनेजर (पूर्णकालिक), इंश्योरेंस मैनेजर (अंशकालिक) एवं इंश्योरेंस कंसल्टेंट (अंशकालिक/वर्क फ्राम होम) पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नियुक्तियां शहर-वार स्थानीय कार्यालयों में की जाएंगी। कार्य में बिक्री प्रबंधन, ग्राहक संबंध, पालिसी प्रोसेसिंग, लीड जनरेशन एवं ग्राहक समन्वय शामिल होगा। इन पदों के लिए स्नातक एवं एमबीए (पढ़ाई कर रहे या पूर्ण) अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सेल्स मैनेजर पद के लिए 2.5 लाख से छह लाख प्रति वर्ष का सीटीसी निर्धारित है, जबकि अंशकालिक पदों पर निश्चित वेतन, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन अथवा कमीशन आधारित आय दी जाएगी।

## AMAR UJALA

### सम्मेलन में हुआ गहन गणितीय विमर्श

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में भारतीय गणितीय सोसाइटी के 91वें वार्षिक सम्मेलन का तीसरा दिन शैक्षणिक गतिविधियों के नाम रहा। स्मृति व्याख्यानों, आमंत्रित व्याख्यानों, संगोष्ठियों और समानांतर तकनीकी सत्रों में गणितज्ञों और शोधकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

दिन की शुरुआत मालवीय सभागार में आयोजित 36वें हंसराज गुप्ता स्मृति पुरस्कार व्याख्यान से हुई। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना के प्रो. श्रवण कुमार ने टेंसर गुणनखंड विषय पर व्याख्यान दिया। समानांतर सत्रों में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के डॉ. संतोष बी. धोतरे और रामकृष्ण मिशन विवेकानंद संस्थान हावड़ा के प्रो. स्टीफन बेयर ने आधुनिक गणितीय शोध पर प्रकाश डाला। अपराह्न में ए. नरसिंगा राव, पी. के. जैन और सत्यदेव पुरस्कार व्याख्यानों ने युवा शोधार्थियों को प्रेरित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AMRIT VICHAR

**लखनऊ विश्वविद्यालय** | भारतीय गणित समाज के सम्मेलन में तीसरे दिन स्मृति पुरस्कार व्याख्यान का हुआ आयोजन

# गणित की बारीकियों से विज्ञान के नए आयाम पर चर्चा

- डॉ. चैतन्य गोपालकृष्ण को पीके जैन और डॉ. अयन घोष को सत्यदेव मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि में सम्मानित किए गए गणित विशेषज्ञ।

**अमृत विचार:** भारतीय गणितीय सोसाइटी के 91वें वार्षिक सम्मेलन के तीसरे दिन लखनऊ विश्वविद्यालय में स्मृति व्याख्यानों, आमंत्रित व्याख्यानों, संगोष्ठियों और समानांतर तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। देश-विदेश से आए गणितज्ञों और शोधकर्ताओं ने गणित की बारीकियों से लेकर विज्ञान के नए आयामों पर चर्चा किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रख्यात गणितज्ञों के नाम पर आधारित स्मृति पुरस्कार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान आईएसआई बेंगलुरु के डॉ. चैतन्य गोपालकृष्ण को पीके जैन और जादवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता के डॉ. अयन घोष को सत्यदेव पुरस्कार दिया गया।

36वें हंसराज गुप्ता स्मृति पुरस्कार व्याख्यान में प्रो. श्रवण कुमार (गणित विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना, अमेरिका) ने कम्पैक्ट लाई समूह प्रतिनिवेशों के टेन्सर गुणनखंडन पर विचार रखा। सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे के डॉ. संतोष बी. धोतरे ने मैट्रॉइड सिद्धांत में हाल के विकास पर प्रकाश डाला। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान हावड़ा के प्रो. स्टीफन बेयर ने लार्ज सिव से संबंधित शास्त्रीय और आधुनिक परिणामों पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन में एनआईटी सुरथकल, वीएनआईटी नागपुर, बीआईटी पिलानी (गोवा कैम्पस), यूनिवर्सिटी ऑफ सीगेन (जर्मनी), आईआईटी रुड़की और आईआईएसआर भोपाल के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

## HINDUSTAN

# एलयू में गणितज्ञों ने शोध व नवाचारों पर मंथन किया

**लखनऊ, कासं।** एलयू में भारतीय गणितीय सोसाइटी के 91वें वार्षिक सम्मेलन के तीसरे दिन देश-विदेश के गणितज्ञों ने शोध और नवाचारों पर मंथन किया। इस अवसर पर डॉ. चैतन्य गोपालकृष्ण (आईएसआई बेंगलुरु) को 'पीके जैन पुरस्कार' और डॉ. अयन घोष (जादवपुर विवि) को 'सत्यदेव पुरस्कार' से सम्मानित किया। शुरुआत यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना के प्रो. श्रवण कुमार द्वारा प्रस्तुत 36वें हंसराज गुप्ता स्मृति व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने टेन्सर गुणन खंडन पर चर्चा की। तकनीकी सत्रों में डॉ. संतोष बी. धोतरे ने 'मैट्रॉइड सिद्धांत' और प्रो. स्टीफन बेयर ने 'लार्ज सिव' के आधुनिक परिणामों पर प्रकाश डाला। इन्वर्स और इल्ल-पोस्ट समस्याएं विषय पर संगोष्ठी में वीएनआईटी नागपुर, बिट्स पिलानी (गोवा ), यूनिवर्सिटी ऑफ सीगेन (जर्मनी), आईआईटी रुड़की व आईआईएसईआर भोपाल के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।